प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 22.06.2024

- **जनपद कानपुर देहात सर्विलांस टीम द्वारा आम जनमानस के 203 अदद गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 44 लाख 28 हजार रूपये) को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस सेल टीम द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों व जनपद के थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन गुमशुदगी/खोये हुए से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र जिन्हें सर्विलांस पर लगा कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरुप पीडितों के गुमशुदा/खोये हुए कुल 203 अदद मोबाईल (अनुमानित कीमत लगभग 44,28,000/- रूपये) बरामद किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में आज दिनांक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात द्वारा बरामद किये गये मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये। अपने-अपने मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उक्त सराहनीय कार्य के लिये आम जनमानस द्वारा जनपद कानपुर देहात पुलिस के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

बरामद किये गये मोबाइल का विवरण –

1. कुल 203 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 44,28,000/-रूपये)

बरामद करने वाली टीम का विवरण-

1. निरीक्षक श्री जनार्दन प्रताप सिंह (प्रभारी स्पेशल टीम) मय टीम
2. उ0नि0 श्री भारत सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
3. हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल
4. हे0का0 660 अजीत सिंह सर्विलांस सेल
5. का0 1059 मो0 अकरम सर्विलांस सेल
6. का0 896 कपिल कुमार सर्विलांस सेल
7. अनुचर रवि कुमार सर्विलांस सेल